मंथन पत्रिका पुरस्कार

भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रचार - प्रसार के लिए सक्रिय योगदान दे रहे राजभाषा संस्थान द्वारा आज के बदलते परिवेश में राजभाषा हिंदी, राजभाषा प्रबंधन, नीति कार्यान्वयन, कार्यशाला संचालन, सूचना प्रौद्योगिकी तथा कम्प्यूटरीकरण एवं संसदीय राजभाषा समिति प्रश्नावली विषय पर दिनांक 25, 26 तथा 27 अप्रेल, 2012 को होटल पाइनग्रोव, सोलन (हिमाचल प्रदेश) में एक तीन दिवसीय संगोष्ठी एवं हिंदी कार्यशाला आयोजित की गयी ।

इस अवसर पर डॉ0 सुशील कुमार सक्सेना, निदेशक (निरीक्षण एवं क्वालिटी नियंत्रण) के कुशल मार्गदर्शन में नित नई ऊंचाईयों को छू रही निर्यात निरीक्षण परिषद की अर्धवार्षिक **हिंदी गृह पत्रिका मंथन को राजभाषा संस्थान द्वारा उत्कृष्ट/ज्ञानवर्धक सामग्री संकलन/ उत्तम सम्पादन के लिए कार्यालय दर्पण स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।** सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार 27 अप्रेल, 2012 को आयोजित भव्य समारोह में श्री सी0 बी0 कोटक, उपनिदेशक एवं पत्रिका के सम्पादक श्री शिवराज द्वारा वर्णित पुरस्कार ग्रहण किया गया।